भारत सरकार

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2290

शुक्रवार, 08 अगस्त, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत अवसंरचनात्मक परियोजनाएं

2290: श्री राजीब भट्टाचार्जी:
श्रीमती धर्मशीला गुप्ताः
श्री नरहरी अमीनः
श्रीमती माया नारोलियाः

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अंतर्गत वर्तमान में क्रियान्वित की जा रही अवसंरचनात्मक परियोजनाओं की संख्या का मंत्रालय-वार और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) प्रत्येक परियोजना की अनुमानित लागत और वर्तमान स्थिति (संकल्पना/निविदा प्रक्रिया/ निर्माण/ पूर्णता) क्या है ?

उत्तर

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जितिन प्रसाद)

(क) और (ख): अब तक, केंद्र में पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (पीएमजीएस-एनएमपी) के अंतर्गत नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) तंत्र के माध्यम से 292 अवसंरचना परियोजनाओं का मूल्यांकन किया जा चुका है। मंत्रालय-वार और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुबंध-I** में संलग्न है।

पीएमजीएस-एनएमपी के अंतर्गत एनपीजी तंत्र के माध्यम से मूल्यांकन की गई 292 अवसंरचना परियोजनाओं की अनुमानित लागत और वर्तमान स्थिति **अनुबंध-II** में दी गई है।

*****

अनुबंध-I

दिनांक 08.08.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2290 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

पीएमजीएस-एनएमपी के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से संबंधित मंत्रालय-वार अवसंरचना परियोजनाएं

क्रम सं.	मंत्रालय	परियोजनाओं की संख्या	राज्य
1.	सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच)	139	छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, नई दिल्ली, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल
2.	रेल मंत्रालय (एमओआर)	105	आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, असम, नागालैंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा, गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, पंजाब, उत्तर प्रदेश
3.	नागर विमानन मंत्रालय (एमओसीए)	5	बिहार, जम्मू और कश्मीर, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश
4.	पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (एमओपीएसडब्ल्यू)	3	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, गुजरात
5.	पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएनजी)	4	आंध्र प्रदेश, पंजाब, जम्मू और कश्मीर, तेलंगाना
6.	नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई)	1	लद्दाख, हरियाणा
7.	आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए)	22	दिल्ली, हरियाणा, गुजरात, राजस्थान, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर)
8.	राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर विकास निगम लिमिटेड (एनआईसीडीसी)	12	आंध्र प्रदेश, बिहार, तमिलनाडु, हरियाणा, महाराष्ट्र, पंजाब, तेलंगाना, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड
9.	इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई)	1	दिल्ली
कुल परियोजनाएं:		292	

*****

अनुबंध-II

दिनांक 08.08.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2290 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

पीएम गतिशक्ति के अंतर्गत नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप द्वारा मूल्यांकित अवसंरचना परियोजनाओं की अनुमानित लागत और वर्तमान स्थिति:

क्रम सं.	**मंत्रालय का नाम**	**परियोजनाओं की संख्या**	**स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या**	**एनपीजी मूल्यांकन के दौरान मूल्यांकित की गई कुल अनुमानित लागत (करोड़ रु. में)**
1.	सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच)	139	77	747912.00
2.	रेल मंत्रालय (एमओआर)	105	69	300728.00
3.	नागर विमानन मंत्रालय (एमओसीए)	5	2	7871.00
4.	पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (एमओपीएसडब्ल्यू)	3	3	49758.86
5.	पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएनजी)	4	3	9056.00
6.	नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई)	1	1	20773.7
7.	आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए)	22	8	187643.31
8.	राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर विकास निगम लिमिटेड (एनआईसीडीसी)	12	12	28692.59
9.	इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई)	1	1	4680.00
	कुल:-	**292**	**176**	**कुल: 1357115.46 करोड़ रुपए**

*****